हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 जन्म से मृत्यु तक इंसान को परीक्षा देनी होती है : नम्रता



12 आधी आबादी की लड़ाई महिला कांग्रेस लड़ेगी: अलका





## खबर संक्षेप

### भैंसबोड़ में मड़ई मेला आज

**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 30 जनवरी को किया जा रहा है। रात्रि में मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी जिला बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी मिनेश्वरी साहू सरपंच ने दी है।

### करगा में मड़ई आज

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करगा में 30 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भुलो मां बाप ला नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हेमन्त साहू एवं दिनेश साहू ने दी है।

### उमरदा में मड़ई मेला 2 को

**कुरूद।** समीपस्थ ग्राम उमरदा में 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिये रात्रि में रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा खेली (छुरा) की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी समिति के सदस्य धन्नू यादव ने दी है।

### चर्रा में 3 फरवरी को मड़ई

**कुरूद।** ग्राम चर्रा में जय माता दी ग्रुप मड़ई समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 3 फरवरी को किया गया है। लोगों के मनोरंजन हेतु रात्रि में झन भुलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी की प्रस्तुति होगी।

### कंडेल में 4 को होगी मड़ई

**पुरी।** ग्राम कंडेल में 4 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम देवरी का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी सरपंच श्रीमती पुष्पा मिलन नेताम, उपसरपंच कोमल साहू, पंच दिगम्बर, रामकुमार ने दी है।

### जीजामगांव में मड़ई 5 को

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 5 फरवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### देवपुर में गोंड़वाना अधिवेशन 10 फरवरी से

**धमतरी।** डोंगेश्वरधाम देवपुर के आदि शक्ति बुढ़ादेव मंदिर प्रांगण में 10 एवं 11 फरवरी को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का दो दिवसीय परिक्षेत्रीय अधिवेशन संरक्षक अंजोर सिंह ध्रुव व पंचूराम ध्रुव के नेतृत्व में किया गया है जिसमें शासन द्वारा विकास योजनाओं की जानकारी, रीति-रिवाज, धर्म, परंपराओं व सामाजिक मसलों पर चर्चा होगी। आय- व्यय की जानकारी सचिव द्वारा दी जायेगी। कार्यक्रम में विशेष रूप में जयपाल सिंह ध्रुव, मलेच्छ कुमार ध्रुव, कृष्णा नेताम, अंगद ध्रुव, विक्रम ध्रुव, धनेश ध्रुव, रमेश ध्रुव के अलावा सांकरा, झिरिया, खरेंगा, खैरा, सिवनी के समाजजन उपस्थित रहेंगे।

### वनांचल नगरी में धान की खरीदी पूरे जिले पर भारी

# उत्पादन कम, फिर भी रिकार्ड तोड़ खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरी वनांचल में धान का उत्पादन अन्य क्षेत्र की अपेक्षा कम होता है। इसके बाद भी जिले में सबसे ज्यादा खरीदी नगरी शाखा में हुई है। यह स्थिति शासन की चाक-चौबंद व्यवस्था की पोल खोल रही है। उड़ीसा से आने वाले धान पर लगातार कार्रवाई की गई, इसके बाद भी धान की तस्करी रूक नहीं रही है।



वनांचल नगरी सिंचाई सुविधाओं में अन्य विकासखंड से पीछे हैं। धमतरी-कुरूद में जहां 90 प्रतिशत तक एरिया सिंचित हैं, वहीं नगरी-सिहावा में 40-45 प्रतिशत क्षेत्र ही सिंचित हैं। सिंचाई सुविधाओं के अभाव में यहां उत्पादन भी अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा कम होता है। जानकारी के अनुसार धान का उत्पादन वनांचल में मुश्किल से 15-18 क्विंटल तक होता है। इसके बाद भी इस साल नगरी शाखा के खरीदी केंद्रों में धान की वर्षा हुई है। जिले की सभी 11 शाखाओं में सबसे ज्यादा खरीदी नगरी शाखा के धान खरीदी केंद्रों में हुई है। अब यहां पर 9 लाख 95 हजार 438 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। दूसरे नम्बर पर धमतरी शाखा है, जहां पर 7 लाख 27 हजार 690 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। मगरलोड शाखा में 6 लाख 69 हजार 906 क्विंटल, कुरूद शाखा में 5 लाख 78 हजार 542 क्विंटल, संबलपुर शाखा में 4 लाख 43 हजार 524 क्विंटल, कोर्रा शाखा में 4 लाख 20 हजार 769 क्विंटल, भखारा शाखा में 4 लाख 20 हजार 735 क्विंटल, करेली शाखा में 3 लाख 40 हजार 164 क्विंटल, मरौद शाखा में 2 लाख 92 हजार 740 क्विंटल, नारी शाखा में 1 लाख 72 हजार 120 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। नगरी शाखा की खरीदी बाकी की 10 शाखाओं की खरीदी पर भारी है। कई शाखा में तो नगरी शाखा की खरीदी का 20 प्रतिशत धान भी नहीं खरीदा जा सका है।

### नहीं रूक रहा उड़ीसा का धान

छत्तीसगढ़ में धान की कीमत अन्य राज्यों की तुलना में काफी अधिक है। अब तो सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए भी कर दिया है। ऐसे में अन्य राज्यों से धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने का खेल चल रहा है। धमतरी की सीमा उड़ीसा से लगी हुई है। ऐसे में बड़ी मात्रा में उड़ीसा का धान छत्तीसगढ़ पहुंच रहा है। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम धान की तस्करी रोकने में लगी हुई है। लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। बड़ी मात्रा में उड़ीसा का धान पकड़ा भी गया है। इसके बाद भी उड़ीसा से यहां धान पहुंच रहा है। यही कारण है कि नगरी शाखा की खरीदी अन्य शाखाओं से काफी अधिक है।

# अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- भटगांव रोड की घटना

सगाई कार्यक्रम से लौट रहे चाचा-भतीजे की बाइक मोड़ में अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इस घटना में भतीजे की मौत हो गई। वहीं चाचा को हल्की चोट आई है।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय हटकेशर निवासी मोहन मण्डावी पिता चन्दूराम उम्र 28 वर्ष के भटगांव निवासी रिश्तेदार के घर में रविवार को सगाई कार्यक्रम था। युवक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एचएन 4488 से सगाई कार्यक्रम में शामिल होने भटगांव गया था। कार्यक्रम होने के बाद रात्रि 8 बजे के बाद युवक अपने चाचा भागवत मण्डावी उम्र 35 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से वापस अपने घर हटकेशर लौट रहा था। इस दौरान मोटरसाइकिल युवक चला रहा था। लौटते समय भटगांव मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। घटना के बाद भागवत अन्य बाइक वाले से लिफ्ट लेकर वापस भटगांव बुआ सुदामा बाई के यहां पहुंचा। भागवत ने सगाई स्थल में पहुंचकर लोगों को घटना की जानकारी दी। तत्पश्चात सभी लोग तत्काल घटनास्थल पहुंचे। जहां युवक अचेत पड़ा था। उसे उपचार के लिये रात्रि में ही जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

# पुलिस एक्शन मोड में : वाहनों से 304 नग प्रेशर हार्न जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- मॉडिफाई साइलेंसरों पर भी होगी कार्रवाई

यातायात पुलिस व जिला पुलिस बल ने अभियान चलाकर बीते 6 दिनों में 304 नग प्रेशर हार्न जब्त किया है।



पर्यावरण संरक्षण व ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने उच्च न्यायालय के आदेश पर शिक्षण संस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजन, निःशक्तजन, बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य एवं लोक शांति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी शासकीय, निजी अस्पतालों, जिला एवं सत्र न्यायालय सहित शासकीय व अशासकीय कार्यालयों को जोन ऑफ साइलेंस बनाया गया है। नियमों का पालन कराने एसपी के निर्देशन व यातायात डीएसपी एमएस चंद्रा के नेतृत्व में ट्रेफिक पुलिस व जिला पुलिस बल द्वारा अभियान चलाकर बीते 6 दिनों में प्रेशर हार्न लगाकर चलने वाले वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में वाहनों से 304 नग प्रेशर हार्न जब्त किया गया है।

इसी तरह एसपी ने प्रेशर हार्न एवं बुलेट सहित अन्य वाहनों में लगे मॉडिफाई साइलेंसरों पर भी कार्रवाई करने यातायात पुलिस का सख्त निर्देश दिया है। यातायात पुलिस ने कहा है कि वाहनों में अलग से प्रेशर हार्न लगना गैर कानूनी है। इसके कारण आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यातायात पुलिस ने आम लोगों से व सभी वाहन मालिक, चालकों से अपने वाहन में प्रेशर हार्न नहीं लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# अवैध रेत खदानों के खिलाफ उठाई आवाज

- मात्र तीन खदान बारना, सोनेवारा एवं परेवाडीह ही वैध
- अवैध रूप से दर्जनभर खदानें संचालित
- अधिकांश गांवों में रेत निकासी पर हो रही वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अवैध रेत खदानों के खिलाफ कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जिले में सिर्फ तीन रेत खदान वैध हैं लेकिन अवैध रूप से दर्जनभर खदान संचालित हो रही है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए की हानि हो रही है।



सोमवार को जिला ट्रेक्टर परिवहन संघ के विवेक साहू, आस्था मंच के हेमराज सोनी, हाइवा परिवहन संघ के महिप अग्रवाल, कपिल चौहान के साथ कुछ लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जिले में मात्र तीन खदान बारना, सोनेवारा एवं परेवाडीह ही वैध हैं। जबकि इन खदानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में अवैध खदान भी चल रही है। वैध और अवैध खदान दोनों में अवैध तरीके से रेत निकल रही है। रेत निकासी के लिए खदान संचालकों से अवैध रूप से उगाही की जा रही है। रेत लोडिंग पर न रायल्टी पर्ची नहीं दी जाती है। अधिकांश गांवों में ग्राम विकास समिति के प्रतिनिधि रेत निकासी पर वसूली कर रहे हैं। उन्होंने रेत खदानों को पूरी तरह से वैध करते हुए रायल्टी पर्ची के आधार पर रेत निकासी करवाने की मांग की है।



मांग करने वालों में वामन सिन्हा, पारस वाधवानी, अनिल साहू, राकेश सोनकर, करण यदु, महेश साहू, योगी सोनकर, बाबू केशरवानी आदि शामिल थे।

### रेत का अवैध परिवहन, 4 वाहन और 2 जेसीबी सीज





**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दोनर से अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 2 जेसीबी और 4 वाहन सीज किया गया।

# पुलिस की बड़ी रेड, 46 जुआरी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पुलिस ने आधी रात को एक भवन में रेड की कार्रवाई कर 46 लोगों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। जुआरियों से 2 लाख 1270 रूपये बरामद किए गए।

अवैध शराब, जुआ, सट्टा व अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश के बाद धमतरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर रात्रि पीजी कालेज रोड स्थित महाराणा प्रताप गार्डन एण्ड रिसार्ट में छापेमारी की कार्रवाई की है। एएसपी के मार्गदर्शन एवं डीएसपी सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने टीम बनाकर महाराणा प्रताप भवन में रेड मारी। यहां बड़ी संख्या में जुआरी अलग-अलग फड़ लगाकर जुआ खेलते पकड़े गये। जुआरी दीनानाथ यादव 26 वर्ष रिसाईपारा, अतुल यादव 32 वर्ष रिसाईपारा, आकाश गवली 34 वर्ष रिसाईपारा, प्रमोद यादव 36 वर्ष चंगोराभाठा रायपुर, विकास यादव 32 वर्ष आमापारा, राहुल डोंगरे 22 वर्ष रिसाईपारा, पवन गुप्ता 28 वर्ष रिसाईपारा, संस्कार गवली 23 वर्ष रामसागरपारा, केशव यादव 41 वर्ष मराठापारा,

- 2 लाख 1270 रूपये जब्त किए



गोपाल साहू 28 वर्ष इतवारी बाजारी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह इकबाल खान 39 वर्ष नयापारा वार्ड, हसन खान 32 वर्ष स्टेशनपारा, नारायण राव 47 वर्ष बांसपारा, विवेक राव 28 वर्ष टिकरापारा, संजय यादव 24 वर्ष टिकरापारा, नितिन सिन्हा 24 वर्ष बठेनापारा, सुरेश पंसारी 58 वर्ष बनियापारा, वेद कोटारी 31 वर्ष गुजराती कालोनी, अनिकेत रूपानी 32 वर्ष आमापारा, सूरज पवार 33 वर्ष मराठापारा, गुलशन नेताम 28 वर्ष मराठापारा, भावेश गंगवानी 30 वर्ष महालक्ष्मी कालोनी, पंकज राज 32 वर्ष रिसाईपारा, पीयूष पवार 27 वर्ष मराठापारा, अनिल डोडवानी 40 वर्ष रिसाईपारा, मनीष यादव 38 वर्ष विवेकानंद नगर कालोनी, सुमीत माखीजा 39 वर्ष शांति कालोनी को जुआ खेलते पकड़ा गया है। वहीं चित्रसेन साहू 30 वर्ष रिसाईपारा, ललित वाधवानी 38 वर्ष रिसाईपारा, शेख जावेद 38 वर्ष रिसाईपारा, सौरभ लिखी 31 वर्ष रिसाईपारा, विशाल मुंजवानी 34 वर्ष पुराना बस स्टैण्ड, मनप्रीत सिंह 26 वर्ष रिसाईपारा को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह सूरज कावड़े 27 वर्ष बांसपारा, सुनील साहू 46 वर्ष सोरिद नगर, रूपेश ठाकुर 35 वर्ष बनियापारा, स्वप्निल मिश्रा 27 वर्ष बनियापारा, डिकेन्द्र नेताम 23 वर्ष बांसपारा, सिद्धार्थ गौली 32 वर्ष टिकरापारा, वासु साहू 26 वर्ष बांसपारा, मनोहर गुप्ता 50 वर्ष बनियापारा व भूपेश ढीमर 27 वर्ष कोष्टापारा निवासी को पकड़ा है।

पुलिस ने 46 जुआरियों के खिलाफ 5 प्रकरण दर्ज कर कुल 2 लाख 1270 रूपये जब्त किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3-2 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

### रेड कार्रवाई में इनका रहा योगदान

डीएसपी सुश्री नेहा पवार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिन्दे, एसआई विनोद शर्मा, एएसआई चन्द्रकांत साहू, अमित सिंह, विरेन्द्र बैस, रमेश साहू, रिखीराम साहू, प्रआ माधुरी मुक्ति की सराहनीय भूमिका रही।

# गौ तस्करी के खिलाफ एसपी कार्यालय में बजरंगियों का धावा

- प्रदर्शन के दौरान हनुमान चालीसा का किया पाठ
- गौरक्षा के प्रति उदासीन होने का पुलिस पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में हो रही गौ तस्करी के खिलाफ सोमवार को बजरंग दल ने एसपी कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। बजरंगियों को रोकने पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर बल तैनात किया था लेकिन पुलिस को चकमा देते हुए बजरंगी दूसरे रास्ते से एसपी कार्यालय परिसर में पहुंच गए, यहां हनुमान चालीसा का पाठकर खूब हंगामा किया तथा पुलिस कप्तान के खिलाफ नारेबाजी की।



बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला मंत्री रामचंद देवांगन, सहसंयोजक डाकेश्वर साहू के नेतृत्व में लगभग 100 कार्यकर्ता जनपद भवन के पास एकत्रित हुए। भगवा झंडा के साथ नारेबाजी करते हुए दूसरे रास्ते से सीधे एसपी कार्यालय परिसर पहुंचे। अचानक पहुंचे बजरंगियों से एसपी कार्यालय में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने बजरंगियों को मेन गेट पर रोका। बजरंगी वहीं पर हंगामा मचाते हुए एसपी हटाने का नारा लगाने लगे। बजरंगी कार्यालय के पोर्च में बैठकर प्रदर्शन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। डीएसपी नेहा पवार ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर प्रमुख पदाधिकारियों को चर्चा के लिए कहा। कुछ बजरंगी एसपी को बाहर आकर बात करने के लिए अड़े रहे। तब वहां मौजूद पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि एसपी सरकारी कार्यक्रम को लेकर सिटी में हैं।

बजरंग दल के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने डीएसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पुलिस गौरक्षा के प्रति उदासीन है। धमतरी से नगरी मार्ग में रोज गौ तस्करी हो रही है। धमतरी, केरेगांव, गट्टासिल्ली होते हुए पिकअप के माध्यम से उड़ीसा पहुंचाया जाता है। गौ तस्करी रोकने पुलिस उदासीन है। पुलिस जगह - जगह चेकिंग के नाम पर वसूली करती है, लेकिन उन्हें गौ तस्करी करने वाले वाहन नजर नहीं आते। गौ रक्षकों द्वारा जब भी कार्रवाई की जाती है तो पुलिस अधिकारी गौ रक्षकों को ही निशाना बनाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरा तंत्र बिका हुआ है। गौ तस्करी में संलग्न लोगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

### अस्पतालों में आयुष्मान कार्य प्रभावित, लोग भटक रहे

# दो माह से कियोस्क आपरेटरों को नहीं मिला वेतन, केंद्रों में लटक रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीते दो माह से शासकीय अस्पतालों में स्थापित आयुष्मान कियोस्क सेंटर के आपरेटरों को वेतन नहीं मिला है। वेतन व पेट्रोलिंग खर्च की मांच को लेकर आपरेटरों द्वारा काम बंद कर देने से अस्पतालों के कियोस्क केंद्रों में ताला लटक गया है।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत राज्य नोडल एजेंसी रायपुर कार्यालय से अनुबंधित क्लेम प्रोसेसिंग टीम द्वारा सभी जिलों की तरह धमतरी जिले में भी आयुष्मान कार्य पंजीयन, शासकीय अस्पतालों में भर्ती कार्डधारी मरीजों का क्लेम, ब्लाकिंग, जिला कार्यालय एवं अन्य विभागों से समन्वय कर योजना के संचालन किया जाता है। इस महत्वपूर्ण कार्यों के लिए स्वास्थ्य मितान पूर्वनाम कियोस्क आपरेटर पदस्थ किया गया है। जिले के शासकीय अस्पतालों में स्थापित आयुष्मान कियोस्क केंद्रों में 16 आयुष्मान मितान कार्यरत हैं। इन कियोस्क आपरेटरों को बीते दो माह से मासिक पारिश्रमिक विलंब से प्राप्त हो रहा है।



कियोस्क आपरेटरों ने सीएमएचओ को 24 जनवरी को सौंपे आवेदन में कहा है कि वेतन विलंब से मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। वर्तमान में शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री जनमन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से जमीनी स्तर पर संचालित किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन जिला मुख्यालय से 30 से 50 किमी दूरी तय कर पात्र छुटे कमार व अन्य हितग्राहियों तक पहुंच उनका कार्ड पंजीयन किया जाना है। इसके लिए पेट्रोलिंग भत्ता व मासिक पारिश्रमिक उपलब्ध कराने की मांग की गई है। दो माह का वेतन भुगतान नहीं होने तक सभी स्वास्थ्य मितान द्वारा अपने कार्यस्थल पर नहीं जाने की जानकारी दी गई है। आवेदन पर कार्रवाई नहीं होने पर कियोस्क आपरेटरों ने कलेक्टोरेट में आवेदन किया है।

मांग करने वालों में कियोस्क आपरेटर थानेश्वर साहू, कमलेश्वर साहू, थानेश्वर निषाद, कुंदन गजपाल, सोमप्रकाश साहू, खिलेश हिरवानी, विकास नेताम, उमेंद्र निषाद, कृष्णा देवांगन, गिरीशकुमार, फगनूराम यादव, डोमनलाल साहू, फलेश साहू, श्रवण चतुर्वेदी व अवतार निषाद शामिल हैं।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### स्वामी शिवोम तीर्थ के जन्म शताब्दी पर डाक टिकिट जारी

**धमतरी।** धमतरी निवासी जानकी प्रसाद शर्मा (वर्तमान संन्यास दीक्षा नाम स्वामी जानकी वल्लभ तीर्थगिरी) ने कहा कि उनके दीक्षा गुरु श्रीश्री 1008 स्वामी शिवोम तीर्थ के जन्म शताब्दी अवसर पर भारतीय डाक विभाग ने विशेष डाक टिकिट जारी किया है । उन्होंने बताया कि उनके गुरू 1981 में धमतरी आए थे। उन्होंने समाजसेवी पंढरीराव कृदत तथा शहर के संत समाज के अनुरोध पर नगर निगम पास स्थित बाल मंदिर में आध्यात्मिक प्रवचन दिया था जिसका लाभ शहरवासियों ने लिया था।

### जोरातराई अं में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में केकतीबाई साहू, रामस्वरूप साहू, पूर्णिमा साहू, डॉ. योगेश साहू द्वारा 30 जनवरी से 6 फ़रवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक सर्वेश्वरानन्द सरस्वती महाराज चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश होंगे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, इस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बवासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंग्रवाली मेडिकल स्टोर्स के पास, बस्ता रोड, जोधपुर, धमतरी मो. 9174466336

जी जामगांव में धूमधाम से शाकंभरी जयंती मनाई गई

# सब्जियों से बना कलश एवं नयनाभिराम झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में कोसरिया मरार समाज द्वारा शाकंभरी जयंती महोत्सव मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर अपनी आस्था प्रकट की। शोभायात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। शोभायात्रा की अगुवाई करते युवा भक्ति भरे गीतों में जमकर झूमते रहे। महिला एवं पुरुष हाथों में ध्वजा लिये जयकारे लगाते चल रहे थे। शाकम्भरी जयंती महोत्सव पर निकली शोभायात्रा में सब्जी से बनी अनूठा कलश एवं माता शाकंभरी की नयनाभिराम झांकी आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने माता शाकम्भरी की जीवनी पर प्रकाश डाला। समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल को सब्जी, भाजी के तोरण से सजाया था।





इस अवसर पर भीम पटेल, चोवा पटेल, रोहित पटेल, खिम्मन पटेल, उत्तम पटेल, छबि पटेल, बंशी पटेल, खोरबाहरा पटेल, लालजी पटेल, प्रभु पटेल, नंदू पटेल, राधू पटेल, रुपसिंग पटेल, लालचंद पटेल, बसंत पटेल, नकुल पटेल, संतराम साहू, हरिलाल साहू, रोहित साहू, भूपेंद्र ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, रोशन, भूपेश साहू, शेषनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सांकरा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

शाउमावि सांकरा में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन बुधवार को साहित्यिक बौद्धिक एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि ध्रुव सरपंच सांकरा एवं सुलोचना साहू जनपद सदस्य एवं सभापति महिला बाल विकास होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिभा अग्रवाल प्राचार्य शाउमावि सांकरा करेंगी। विशेष अतिथि गिरवर भंडारी सांसद प्रतिनिधि, पारस साहू उपसरपंच, पवन साहू उपाध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति, गजेंद्र, रमेश साहू, दुष्यंत साहू, डिगेश्वर सिन्हा, लखनलाल सिन्हा, बलराम ठाकुर, केशर ध्रुव, हुलासराम साहू, सुरेश साहू अध्यक्ष मानस सम्मेलन समिति प्रयागचंद बिसेन अध्यक्ष ग्राम सभा सांकरा होंगे।

## सोनेवारा में गुहा निषाद जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम सोनेवारा में ग्रामवासियों व निषाद परिवार द्वारा भक्त राज गुहा निषाद जयंती मनाई गई। समाजजनों ने शोभायात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के बाद सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। श्रीराम स्तुति हुई। हनुमान चालीसा पढ़ी गई। इस दौरान मानस शक्ति केन्द्र पहंदा से अमृत संदेश मानस मंडली, जिज्ञासु बालिका मानस लोक कलामंच, श्री जानकी बालिका मानस मंडली तथा राघवेन्द्र सरकार मानस परिषद मगरलोड से गायत्री महिला मानस मंडली घुरकुड़िया के साथ माधुर्य मानस प्रचार समिति पोटिया डांस, अनुराग मानस मंडली कठौली, रश्मि रागिनी बालिका मानस मंडली राजनांदगांव की प्रस्तुति हुई।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा थीं। विशिष्ट अतिथि विद्याचरण नेताम सरपंच, डां हरिविनायक सिन्हा वन जनपद सभापति, महेश नेताम उपसरपंच थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर गिरीश निषाद, अर्जुन निषाद, परमा निषाद, नोरेंद्र निषाद, महेतरू निषाद, बनऊ निषाद, कैलाश निषाद, संतोष निषाद सहित बड़ी संख्या में समाजन उपस्थित थे।

## शाकंभरी जयंती पर मरीजों को फल बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा में कोसरिया मरार समाज द्वारा मां शाकंम्भरी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। पटेल समाज द्वारा पूरे नगर में कलश शोभायात्रा निकाली गई। नगर में निःशुल्क सब्जी व मरीजों को फल वितरण किया गया। जयंती को समाजजनों में उत्साह रहा।

## बच्चों को रिलैक्स होकर एग्जाम दिलाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शाउमावि बेलौदी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया गया जिसे बच्चों ने बड़ी तन्मयता के साथ देखा। इस अवसर पर श्री मोदी ने अपनी चर्चा के दौरान बताया कि आप सभी बच्चे उस जगह बैठे हैं, जहां पर बड़े-बड़े शिक्षाविदों और राजनीतिज्ञों ने शिक्षा के विषय पर गहन मनन चिंतन किया है। उन्होंने समस्या का सामना करने, विपरीत समय को सामर्थ्यवान बनाने, मन से स्थिति को समझने, माता-पिता, भाई, टीचर्स को कॉमनट्रेटी न बनने, बच्चों से सिस्टमेटिक पारिवारिक चर्चा करने, स्पर्धा के बिना चेतनाहीन होने, संतानों के अंदर कम्परिजन न करने, स्पर्धा खुद से करने, चुनौती स्वीकार करने, टीचर्स बच्चों से रोज नाता जोड़े, एग्जाम के पूर्व बच्चे पूर्ण रूप से तैयारी करें, प्रश्नों को अच्छी तरह पढ़ने और किस प्रश्न में कितना समय लगेगा निर्धारित करें इन बिंदुओं पर सार्थक चर्चा की। शाला के टीचर ने भी श्री मोदी के जरूरी टिप्स और महत्वपूर्ण बातों को नोट करने बच्चों को निर्देशित किया। बच्चों को रिलैक्स होकर एग्जाम दिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

- बेलौदी स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम



## सिवनीकला के सभी वार्ड में नए मेटों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में कलेक्टर के आदेशानुसार सभी 20 वार्ड में पुराने मेटों को हटाकर नए मेटों की नियुक्ति की गई। इससे ग्रामीणों में हर्ष है। दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, टेकराम साहू ने मेटों से अपने-अपने वार्ड में ईमानदारी और जिम्मेदारी से सेवाभाव के साथ काम करने की बात कही। सिवनीकला में वार्ड 1 से नीलम साहू, वार्ड 2 से ममता पाल, वार्ड 3 से डीलेंद्र यादव, वार्ड 4 से विनीता अग्रवाल, वार्ड 5 से विष्णु साहू, वार्ड 6 से मीनाक्षी चंद्राकर, वार्ड 7 से गनेंद्र पटेल, वार्ड 8 से पिंकेश्वरी कुर्रे, वार्ड 9 से मानक डहरिया, वार्ड 10 से उमादेवी साहू, वार्ड 11 से फालेश्वर निर्मलकर, वार्ड 12 से धनेश्वरी पटेल, वार्ड 13 से नेतराम साहू, वार्ड 14 से मंजू साहू, वार्ड 15 से जीतेश्वर ध्रुव, वार्ड 16 से त्रिवेणी साहू, वार्ड 17 से ओगेश साहू, वार्ड 18 से योगमाया साहू, वार्ड 19 से युगलकिशोर साहू, वार्ड 20 से उमाभारती साहू की नियुक्ति की गई है।



मौके पर चंद्रहास साहू, दीपदान साहू, खिलावन चंद्राकर, बालाराम पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, राजेंद्र निर्मलकर, कुंजीलाल साहू, दिलेश्वर साहू, रामेश्वर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## साहू समाज के अमरसिंग अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम रावनगुड़ा में गत दिनों साहू समाज की बैठक हुई जिसमें नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। अमरसिंग साहू अध्यक्ष, राजेश साहू उपाध्यक्ष, मोहन साहू कोषाध्यक्ष, शीतलराम साहू सचिव, संरक्षक राधेलाल साहू, सुरीतलाल साहू, शंकर साहू, शंभू साहू चुने गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन मौजूद थे।

## ग्रामीण आदिवासी हल्बा समाज के निर्भय सिंह अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

आदिवासी हल्बा समाज की बैठक हल्बा सामाजिक सदन छिंदपारा सांकरा में हुई। सामाजिक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ सूर्यवंशी के निधन हो जाने से पद रिक्त होने के कारण समाज की गतिविधियां संचालित करने के लिए पुनः सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्भय सिंह नाग को ग्रामीण आदिवासी हल्बा समाज सांकरा का अध्यक्ष बनाया। साथ ही ग्रामीण हल्बा समाज की सामाजिक परंपरा, रोटी बेटी लेन देन के लिए सोरिया का भी सर्वसम्मति से चुनाव किया गया जिसमें मन्नू भंडारी, कार्तिक कश्यप, उदेराम बोरझरिया, कुंदन चनाप, रामजी साहरा को चुना गया।



इस अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य गिरवर भंडारी, टेमन सिंह कश्यप, खूबचंद भंडारी, सचिव देवीशरण कश्यप, श्रवण सूर्यवंशी, कृपाराम नाग, भागीरथी पुजारी, भुवन भंडारी, रघुनंदन भंडारी, कनक नाग, कीर्तन नाग, देवव्रत श्रीमाली, नरोत्तम श्रीमाली, प्यारी श्रीमाली, पीतांबर सूर्यवंशी, कनक भंडारी, आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष हरी भंडारी, उपाध्यक्ष शांतनु नाग, रूपचंद देव, तेजनाथ भंडारी,अनिल श्रीमाली, अशकरण श्रीमाली, सुमन श्रीमाली, जितेंद्र नाग, अरूण पुजारी, मनोज भंडारी, नीतीश श्रीमाली, तमेश भंडारी, तोमेश नाग, मनीष भंडारी, दीपक सूर्या, टीकू नाग, नीलकमल कश्यप सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित थे।

कर्णेश्वर धाम में हुआ आयोजन, यज्ञ हवन एवं महाआरती हुई

# शाकंभरी जयंती पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

मरार पटेल समाज की कुल देवी मां शाकम्भरी देवी की जयंती देउरपारा सिहावा कर्णेश्वर धाम में यज्ञ हवन एवं महाआरती कर धूमधाम से मनाई गई। नगरी राज मरार पटेल समाज द्वारा सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कर्णेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष माननीय विकल गुप्ता ने समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया। कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को कर्मचारी प्रकोष्ठ के संरक्षक डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल द्वारा, पांचवी एवं आठवीं में 5000, हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी में 10000 एवं राज्य कार्यकारिणी द्वारा 300-500 की प्रोत्साहन राशि दी गई।



इस अवसर पर नगरी राज अध्यक्ष वामदेव कौशल ने अपने संबोधन में युवा वर्ग से नशे से दूर रहने की अपील की। मौके पर समिति अध्यक्ष वामदेव कौशल, सचिव ललित कौशल, कोषाध्यक्ष कृपाराम, संरक्षक भागीरथी पटेल, विजय कौशल, संचालन समिति अध्यक्ष चैनसिंह कौशल, रामसुंदर पटेल, संरक्षक बृजलाल पटेल, सलाहकार सौभाग्य पटेल, महामंत्री मदन पटेल, प्रचार सचिव केश कुमार पटेल, भुनेश्वर पटेल, ममता कौशल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, श्रीमती सरस पटेल, किशन पटेल, रायसिंह पटेल, पुनारद पटेल, रूप नारायण पटेल, ओमप्रकाश पटेल, अशोक पटेल, शंकर पटेल, रूक्मणी पटेल, शारदा पटेल, विशाखा पटेल, हेमप्रकाश पटेल, प्रकाश पटेल, राजिम पटेल, मोहर पटेल, जोहर पटेल, निर्मला पटेल उपस्थित थे।

यह जानकारी मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कौशल ने दी है।

## अंचल की खबरें

### मोदी के मन की बात सुनी



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा की अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन के निवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर छत्रपाल बैस, धनुष देवांगन एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यामिनी को मिली मेधावी छात्रवृत्ति



**सिर्री।** इस वर्ष भी जितिन यादव फाउंडेशन भैंसमुण्डी द्वारा यामिनी निषाद को मेधावी छात्रवृत्ति दी गई। प्राथमिक शाला भैंसमुंडी में कक्षा 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनका सम्मान कर छात्रवृत्ति दी गई। इस अवसर पर जानसिंग यादव जनपद उपाध्यक्ष कुरूद, संस्था के प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने दी मृतक के परिवार को सहयोग राशि



**सिर्री।** ग्राम परसवानी के ग्रामीणों ने गांव की राधा बाई के निधन पर उनके पुत्र दूजराम नगारची को सहयोग के रूप में 5272 रूपये प्रदान किया। अभी तक 3 परिवार को सहयोग राशि प्रदान की गई है। मौके पर किशोर चंद्राकर, पन्ना चंद्राकर, गोपी ध्रुव, बबलू राजपूत , संजय साहू, यशपाल ध्रुव, नारद साहू, रोशन साहू, विजय चंद्राकार, मुकेश साहू, राधेश्याम ध्रुव, वासुदेव साहू, कोमल साहू, सेवक साहू, विष्णु साहू, पूरण साहू, तीरथ साहू, परमानंद ध्रुव, निरंजन साहू, गौकरण ध्रुव, मोहन साहू, शीतल साहू, त्रिभुवन तारक, लक्ष्मीनाथ मौजूद थे।

### चिरायु टीम ने छात्रों की सेहत जांची



**मगरलोड।** शासकीय हायर सेकेण्डरी बेलौदी के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिरायु टीम बी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड के सहयोग से सिकलिन टेस्ट किया। चिरायु टीम मगरलोड से आई डॉ. अंजलि धृतलहरे ने बच्चों को सिकलिन बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिकलसेल एनीमिया के मरीज को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। इसके अलावा इस मरीज को समय-समय पर हीमोग्लोबिन टेस्ट कराते रहना चाहिए। 210 में से 164 बच्चों ने टेस्ट कराया। टेस्ट कराने वाले 14 बच्चों में 10 (एएस), 02 (एसएस) और 02 (एलएसए) निकले। इस अवसर पर चिरायु टीम की दिव्या साहू एएनएम, टिकेश्वरी ध्रुव एमएलटी, मनोहर साहू फार्मासिस्ट, डॉ. केएस पैकरा एएमओ सहित शाला के प्रभारी प्राचार्य अशोक पटेल, व्याख्याता पेमेश्वरी कंवर, शीतराम ध्रुव, तिलकराम साहू, नारायण साहू, संतोष साहू, सोफिया सैनिक, हेमा साहू उपस्थित थे।

### बारहमासी गीतों एवं तीज त्यौहार की झांकी ने मोहा मन



**पुरूर(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि पुरूर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम ग्राम चंदनबिरही में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना। प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने विद्यालय का प्रतिवेदन रखा। मुख्य अतिथि पीताम्बर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशिमं में शिक्षा के साथ ही साथ संस्कार मिलता है। यहां पढ़ने वालो बच्चों को भारतीय संस्कृति के साथ देशभक्ति का ज्ञान दिया जाता है। ग्राम विकास समिति के सरंक्षक पुनीतराम साहू, सोमन साहू, हेमप्रकाश गंजीर, सरपंच रामस्वरूप साहू ने कहा कि सशिमं हमारी धार्मिक संस्कृति संस्कारों की पाठशाला है। गोपाल पटेल आचार्य के मार्गदर्शन में छात्रों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक तथा लोकगीतों की प्रस्तुति दी। आचार्य राकेश साहू के निर्देशन में छात्रों ने छत्तीसगढ़ के बारहमासी गीत प्रस्तुत किए। विभिन्न तीज त्यौहार की झांकी ने मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन ग्राम चंदनबिरही के टुमन साहू ने किया।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 02 फरवरी 2024 शुक्रवार
डॉ करण सराफ MD,DM Nephrologist किडनी रोग विशेषज्ञ 07 फरवरी 2024 मंगलवार
डॉ आशु जैन MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ 09 फरवरी 2024 शुक्रवार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## पार्षद ने फहराया तिरंगा



**धमतरी।** सदर दक्षिण वार्ड स्थित शासकीय नवीन प्राशा रानीबागीचा, आंगनबाड़ी, गांधी आश्रम में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्षद केन्द्र कुमार पेन्दरिया ने ध्वजारोहण किया। मौके पर श्रीमती श्यामा देवांगन प्रधान पाठिका, लोकेश ठाकुर शिक्षक, श्रीमती डाली रानी साहू शिक्षिका, डाक्टर संजय सोनकर, संतोष सोनकर, श्रीमती सीता शर्मा, प्रेमबती, दिलीप यादव, नेतराम, राजेश, निक्कू साहू, योगेश कौशिक एवं अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## कुंभकार समाज भवन में हुआ ध्वजारोहण



**धमतरी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मिन्धु कुंभकार की स्मृति में बने कुंभकार समाज भवन में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि ब्राह्मणपारा के पार्षद राजेश पाण्डेय एवं विशेष अतिथि शशि प्रभा तिवारी, दीनू कुंभकार, गगन कुंभकार, धर्मेन्द्र कुंभकार, गगन कुंभकार, खिलेश कुंभकार, लाला कुंभकार, उर्वशी कुंभकार, उर्मिला कुंभकार, यशोदा कुंभकार, सावित्री कुंभकार, कुन्ती कुंभकार समेत अन्य मौजूद थे।

## साहू भवन में लहराया तिरंगा



**मगरलोड।** ग्रामीण साहू भवन अरौद में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष तोषण लाल साहू ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सामाजिक उपाध्यक्ष पूरन लाल साहू, सचिव सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साह, सहसचिव संतोष साहू, उदेराम साहू, शंकर साहू, भूषण साहू, खुमान साहू, पेखन साहू, राकेश साहू, नोहर, बाबूलाल, चंदना बाई साहू, जयंती साहू, हीरा बाई, भुवनेश्वरी, रोहणी, रंजीता, रिद्धि, बसंती, पुष्पा, नंदिनी, आशा, पूनम, कुसुम, डामिन, देवकुमारी, दिनेश्वरी, सतरूपा उपस्थित थे।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ मुजगहन में हुआ ध्वजारोहण



**धमतरी।** गणतंत्र दिवस पर गायत्री परिवार मुजगहन द्वारा धुनादास मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर परमाध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। परिजनों ने संविधान में बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला समन्वयक दिलीप नाग, इकाई प्रमुख राधेश्याम साहू, प्रज्ञा पीठ अध्यक्ष भागवत सिन्हा, सचिव होमेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लालाराम साहू, जनक नेताम, मुरली यादव, पुनवा राम साहू, धर्मेंद्र साहू, अघनू राम गजपाल, माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी श्रीमती गोदावरी गजेन्द्र, रामायण लाल साहू, बबीता सिन्हा, टेमेश्वरी साहू, राधिका साहू, सविता साहू सहित बड़ी संख्या में परिजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बीईओ कार्यालय में लहराया तिरंगा



**धमतरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी कार्यालय में भी ध्वजारोहरण किया गया। 26 जनवरी की सुबह 7:30 बजे अमित तिवारी बीईओ धमतरी ने कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में तिरंगा ध्वज फहराकर देश के महान विभूतियों को याद किया। देश की आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के योगदान को नमन किया। इस अवसर पर एबीईओ केके ध्रुव, प्राचार्य अमिता ध्रुव, मुख्य लिपिक सीपी नेताम, संतोष ध्रुव, लोकेश बाघमार, ताम्रध्वज गौतम, नंदकिशोर यादव, मीनाक्षी देवांगन, प्रवीण वैद्य, विजेता रक्टाटे, शिवनारायण साहू, मीनाक्षी पवार, महेश सिन्हा, रूपेश कुमार उपस्थित थे।

## संविधान देश की जनता की ताकत



**अंवरी।** ग्राम अंवरी के चारों स्कूल, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, बाजार चौक, मिनीमाता चौक, साहू समाज भवन, धान खरीदी केंद्र में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। शासकीय हाईस्कूल अंवरी में ध्वजारोहण पूर्व प्राचार्य राधेलाल चंद्राकर एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान देश की जनता की ताकत है। संविधान के तहत प्राप्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य भारत देश में निवासरत सभी धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। लाखों कुर्बानी देकर हमने आजादी प्राप्त की है। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में संविधान की महती भूमिका रही। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आईआर साहू, स्कूल स्टाफ, शाला विकास समिति के सदस्य, ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे।

## संविधान से मिला जनता को मौलिक अधिकार



**धमतरी।** ज्ञान अमृत उमावि हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश सोनी उपप्राचार्य, विशेष अतिथि अफजल अली रिजवी थे। अध्यक्षता प्राचार्य विनोद पाण्डेय ने की। उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था। यह दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। संविधान द्वारा जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हुआ था जिसका इस्तेमाल जनता बखूबी कर रही है। सरकार संविधान से बंधी हुई है। कार्यक्रम में राजेन्द्र साहू, कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पद्मवार, अभिलाषा चौहान, संतोषी वर्मा, लक्ष्मी देवांगन, भावना कहार समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## कंडेल स्कूल के छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**धमतरी।** सेजेस कंडेल में गणतंत्र दिवस की धूम रही। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने झंडारोहण किया तत्पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए गांधी चौक, सुभाष चौक के रास्ते शासकीय माध्यमिक शाला कंडेल पहुंची। शासकीय प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और सेजेस कंडेल के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा मिलन नेताम सरपंच थी। अध्यक्षता रविशदास प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कंडेल ने की। विशेष अतिथि राहुल नेताम प्राचार्य सेजेस कंडेल, कोमल साहू उपसरपंच, नारायण साहू गौठान समिति, रामाधार साहू जनपद सदस्य, यतीशभूषण श्रीवास्तव, सीताराम साहू पूर्व सरपंच, भीखम सिन्हा पूर्व अध्यक्ष, भगवानदीन मर्छेंद्र, एम आर कमलवंशी, माखनलाल यदु, केआर सर्वा पूर्व प्राचार्य चुन्नीलाल साहू सचिव, दिगंबर साहू पंच, रामकुमार साहू पंच, लक्ष्मीनारायण सिन्हा प्रोफेसर, एसके साहू व्याख्याता, योगेश्वर साहू सेवानिवृत्त व्याख्याता, छोटेलाल कुर्रे अध्यक्ष एमएस कंडेल थे। मुख्य अतिथि श्रीमता पुष्पा नेताम ने कार्यक्रम की सराहना की।

## सांकरा में शाकंभरी जयंती पर निकली कलशयात्रा

**सांकरा।** ग्राम सांकरा के कोसरिया पटेल मरार समाज ने शाकंभरी जयंती हर्षोल्लास से मनाई। सामाजिक भवन में मां शाकंभरी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। मौके पर ग्राम पुरोहित उदेभानु दीवान, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, राजू पटेल उपाध्यक्ष, बलीराम पटेल, मिठ्ठू राम पटेल, रामसाय पटेल, युवराज पटेल, खेदूराम पटेल ने मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना की। समाज की बालिकओं, महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली। मां शाकंभरी के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।

### नत्थूजी जगताप हायर सेकेण्डरी स्कूल में हुआ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

# जन्म से मृत्यु तक इंसान को परीक्षा देनी होती है : नम्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम किया गया, जिसका सीधा प्रसारण पूरे देश सहित जिले में भी किया गया। स्थानीय शासकीय नत्थूजी जगताप ननि हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित श्रीमोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर नम्रता गांधी शामिल हुईं। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। चुनौतियां आती रहेंगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाखों चुनौतियां हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। असफलताओं से निराशा नहीं होनी चाहिए।

**पीएम ने बताई प्रेरणादायक बातें**

कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की सरिता साहू, ललित साहू और 11वीं के तरूण ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखा, जिसमें प्रधानमंत्री ने प्रेरणादायक बातें बताई। परीक्षा के समय घबराना नहीं चाहिये, मोबाइल का उपयोग काम के समय ही करना, मन लगाकर पढ़ाई करना इत्यादि बातें सिखाई हैं, जिससे आगामी परीक्षाओं के लिये हमारा मनोबल और बढ़ गया है।



**परीक्षा के लिये टेंशन न लें**

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि इंसान की सबसे पहली परीक्षा वह होती है, जब बच्चा जन्म लेता है और दूध पीना सीखता है। छः माह में बच्चे को खाना, फिर चलना, बोलना, अपनी बातों को समझाना भी परीक्षा की ही श्रेणी में आते हैं। आप सभी इन परीक्षाओं को पार कर इस मुकाम पर पहुंचे हो तो अब स्कूल की परीक्षा के लिये टेंशन क्या लेना। उन्होंने बच्चों को निश्चिंत होकर पढ़ाई करने के लिये प्रोत्साहित किया।

**कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : उमेश**

सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज हमें परीक्षाओं की तैयारी के बारे में काफी रोचक बातें बताई हैं। उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करते हुये आगे बढ़ेंगे तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी।

# नपं में अध्यक्ष पुष्पलता ने किया ध्वजारोहण

- मिनी स्टेडियम में निकाली गई झांकी, बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

नगर पंचायत भखारा में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि कोरोना काल की वजह से पिछले दो वर्षों तक गणतंत्र दिवस का आयोजन नहीं हुआ था। लेकिन इस वर्ष स्थिति सामान्य होने पर गणतंत्र दिवस को लेकर छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों में उत्साह और उमंग भरपूर था। नगर पंचायत के प्रत्येक स्कूल में ध्वजारोहण निर्धारित समय पर हुआ। नगर पंचायत कार्यालय एवं खेल मैदान में



नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता रामगोपाल देवांगन ने ध्वजारोहण कर सलामी ली।

इसके बाद नगर पंचायत भखारा के मिनी स्टेडियम में झांकी का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी स्कूलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी झांकियों को सलामी नपं अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन ने दी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम चला, जिसका नगरवासियों एवं छात्र-छात्राओं ने भरपूर आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीपी धनकर एवं लालजी साहू ने किया। कार्यक्रम में पार्षद रोशन केला एवं दिनेश यादव, दीनू निर्मलकर, विक्रांत शुक्ला, पूरन दीवान आदि का भरपूर योगदान रहा। मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, भरत नाहर, चूड़ामणि साहू, विनोद साहू, झम्मन साहू, संतोषी निषाद, डॉ.एस हरदेल, दीनानाथ साहू, भारती साहू पार्षद, केशव साहू, उमेश सोनवानी, गौतम जैन, राजू सेन, नपं मुख्य नपा अधिकारी चंदन मानकर, इंजीनियर ज्योति साहू, राजस्व निरीक्षक सुलेमान ग्वाल, शेखर सिंह, चंद्रप्रकाश साहू, चोवा ढीढी उपस्थित थे।

## खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

खेलकूद न केवल विद्यार्थियों के शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुरूद महाविद्यालय में 3 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 29 जनवरी से शुरू हुई। समापन 31 जनवरी को होगा। प्रथम दिवस बैडमिंटन एवं कबड्डी प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथिप्राचार्य डॉ. डी.के. राठौर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राओं ने दोनों प्रतियोगिता में भाग लिया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बीपीएड के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद का आयोजन किया। 30 जनवरी को खो-खो, उंचीकूद, लम्बीकूद एवं व्हालीबाल प्रतियोगिता हुई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, क्रीड़ा



समिति के सदस्य हरिराम साहू, प्राध्यापक डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टंडन, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, लीना दिली, कौस्तुभ तिवारी, नरोत्तम, नीलकंठ, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस समेत अन्य उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम राजपुर में गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ मनाई गई। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला प्रांगण एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच प्रीतबाई कंवर ने ध्वजारोहण किया। तिंरगा चौक में वार्ड पंच रामसाय सिन्हा व ग्रामीण सचिव चंद्रहास ध्रुव ने झंडा फहराया। शासकीय नवाडीह प्राथमिक स्कूल में सरपंच प्रीतबाई कंवर, उपसरपंच लीला बाई यादव, टिकरापारा चौक में वार्ड पंच प्रतिनिधि शेषनारायण ध्रुव, बढ़ाईपारा में ग्रामीण नकुल ध्रुव ने झंडा फहराया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई।

स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रधानपाठक बीएल अग्निवंशी, वरिष्ठ शिक्षक विष्णुराम साहू, नवाडीह प्राथमिक



प्रधान पाठक मोहनलाल साहू, शिक्षक प्रमोद दर्शेना, सियाराम साहू, कैलाश ध्रुव, शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा, हेमपुष्पा साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष देवलाल कंवर, पूर्व उपसरपंच पूनमचंद सिन्हा, शोभित साहू, पुराणिक ध्रुव, द्वारिका पटेल, राकेश निषाद, प्रवीण सिन्हा, यादराम साहू, उमेश सिन्हा, ढालसिंग कंवर, पवन निषाद, अमृत सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, फग्गू यादव, रमेश्वर साहू, होरीलाल निषाद, चोवा दुबे, विरेन्द्र ध्रुव, सुखित निषाद, भगवंत सिन्हा, सोमनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंत को ध्यान में रखकर कार्य प्रारंभ करें : गुरुभूषण साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री में सत्संग समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 29 से 31 जनवरी तक त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन पूर्व सरपंच सरदार सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता के निवास स्थान में किया गया है। प्रथम दिवस सत्संग के प्रवचनकर्ता गुरुभूषण साहेब को सुनने श्रोतागण पहुंचे।

उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन को सुंदर और सरल बनाने के लिए पढ़ा लिखा होना जरूरी नहीं है बल्कि बिना पढ़े लिखे लोग भी जीवन के उद्देश्यों और बुनियादी जरूरतों का पालन कर अच्छा जीवनयापन कर रहे हैं। आगे कहा कि अनपढ़ लोग भी नशापान करते हैं जिसके लिए पढ़ने लिखने की



आवश्यकता नहीं होती है फिर वे गलत विचारो में पड़ जाते हैं। तो नशापान छोड़ने के लिए किसी पढ़ाई, संस्था या अन्य जगहों का सहारा क्यों लेना पड़ रहा है। व्यक्ति के अंदर ही प्रत्येक कार्य को सिद्ध करने की आत्मशक्ति होती है। उन्होंने प्रभावी लोगों की आदतों का जिक्र भी किया जिसमें बताया कि किसी भी काम को उसके अंत को ध्यान में रखकर ही करना चाहिए। जीवन जीने की शिक्षा स्कूल, समाज आदि में नहीं दी जाती है बल्कि लोग अपने विचारों, कार्यों, अनुभवों के आधार पर ही अपने जीवन की गति को दिशा देते हैं। सोमवार की सुबह 11 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे तक सत्संग का लाभ लेने रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता, सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता, विनोद सिन्हा, चंद्रहास श्रीवास, जगन्नाथ देवांगन, तुलाराम साहू, राधेरमन, सुरेश सार्वा, सालिकराम साहू, रायसिंग सहित समीपस्थ ग्राम के श्रोता पहुंचे।

## सशिमं के पूर्व छात्र सम्मेलन में लोगों ने अपने अनुभव साझा किए

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म दिवस के पावन अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि यादराम साहू तथा इस कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू ने की। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर विद्यार्थी जीवन से संबंधित अपने अनुभवों को साझा किये। इस अवसर पर पूर्व छात्रा हेमलता साहू वर्तमान में सब इंजीनियर पद पर कार्यरत रहते हुए अपने विद्यालय अनुभवों को साझा किया।

## स्वतंत्रता अगर शरीर है तो गणतंत्र उसकी आत्मा : पद्मिनी

- जीजामगांव महाविद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामागांव में गणतंत्र दिवस मनाया गया। भारत मां की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलन करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया । झंडे को सलामी दी गई एवं राष्ट्रगान हुआ। भारत माता एवं देश के वीर सपूतों के जयकारे लगाए गए। मुख्य अतिथि डॉक्टर पद्मिनी सोनवानी ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि बंशी पटेल महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष थे।



प्राचार्य डॉक्टर सीआर यदु ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात देश को सुचारू रूप से चलने के लिए एक कानून एवं नियम व्यवस्था की आवश्यकता थी और इसके लिए हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। पद्मिनी सोनवानी ने कहा कि स्वतंत्रता अगर शरीर है तो गणतंत्र उसकी आत्मा है। आज हमें अपने गणतंत्र को और सुदृढ़ और मजबूत करने की जरूरत है ताकि भारत निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सके। बंशीलाल पटेल ने कहा कि हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष है। यहां सभी जाति एवं धर्म के लोग रहते हैं। यहां किसी के साथ पक्षपात नहीं होता। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया। मौके पर प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव, पुष्पा दर्रो, लीना बैस, तेजराम साहू, अनिल जांगड़े, आरआर डिगरे, गुलशन साहू, वेंकटेश टंडन, टकेश साहू, भीम यादव एवं विद्यालय परिवार से प्राचार्य बिरसमणि मिंज, ममता डहरिया, साक्षी शिंदे, अनुराधा बघेल, खुशी साहू समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वेणु कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन पुष्पा दर्रो ने किया।

## अंचल की खबरें

### मेंडरका में 4.23 लाख की लागत से बनेगा रंगमंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत मेंडरका में विधायक निधि से स्वीकृत 4.23 लाख राशि से साहू सामुदायिक भवन के पास रंगमंच का भूमिपूजन ग्राम प्रमुखों एवं पंचायत प्रमुखों द्वारा किया गया। रंगमंच स्वीकृत होने पर पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रमुखों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सरपंच नेमिन गणेश सिन्हा, उपसरपंच रामकुमार मार्कण्डेय, पंच गांधीराम साहू, रूक्मिणी सिन्हा, कल्याणी बंजारे, शिवबाई मार्कण्डेय, रामेश्वरी साहू, सेवती साहू एवं ग्राम प्रमुख सनत साहू, बीरेन्द्र सिन्हा, हेमकुमार बंजारे सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अपर्णा सर्वश्रेष्ठ कैम्पस एम्बेसडर से सम्मानित



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो छात्रा अपर्णा शर्मा को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सर्वश्रेष्ठ कैम्पस एम्बेसडर के रूप में नम्रता गांधी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि पूरे सत्र में विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, महाविद्यालय एवं जिला स्तर पर व्यापक मतदाता जागरूकता आभियान, मतदाता सूची में नाम जोड़ने अभियान मतदाता जागरूकता प्रचार प्रसार, मतदाता रैली, विभिन्न प्रतियोगिता, विधानसभा चुनाव 2023 में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के आधार पर अपर्णा को सम्मानित किया गया। अपर्णा शर्मा धमतरी की पूर्व डिसट्रिक्ट आइकॉन भी रही हैं। मौके पर कैम्पस एम्बेसडर संकेत कुमार साहू, विवेक साहू, लीना गजेंद्र, टिमेश साहू, तरुण सोनकर उपस्थित थे।

### शाकंभरी जयंती पर निकली कलशयात्रा



**जीजामगांव।** ग्राम जरवायडीह में पटेल समाज द्वारा छेरछेरा त्योहार पर मां शाकंभरी की जयंती मनाई गई। पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने गांव एवं पटेल समाज के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर समाज के अध्यक्ष खूबलाल पटेल, गोविंदा पटेल, आत्माराम पटेल, गिरधर पटेल, रमेश पटेल, महेश पटेल, बल्ला पटेल, उमेश पटेल, कोमल पटेल, बैशाखूराम पटेल, भागीरथी पटेल, खेदूराम पटेल, अमेलाल पटेल, हेमलाल पटेल, चुरावन पटेल, मनहरण पटेल, बिसहत पटेल, राम मंदिर के पुजारी ललित पटेल उपस्थित थे।

### वार्षिक उत्सव में टॉपर हुए सम्मानित





**कोर्रा(भखारा)।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गौरव बंगानी थे। अध्यक्षता टेकराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मोहन हरदेल, डॉ शैलेंद्र साहू थे। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। इस वर्ष बीए प्रथम वर्ष धनेश्वरी पिता गोविंद, बीए द्वितीय वर्ष चांदनी पिता नंदकुमार, बीए तृतीय वर्ष हुलेश्वरी पिता कमल, बीएससी प्रथम वर्ष उर्मिला पिता त्रिभुवन, बीएससी द्वितीय वर्ष प्रीति पिता कृपा, बीएससी तृतीय वर्ष पूजा पिता लुकेश टॉपर रही। इस अवसर पर डॉ. बंगानी ने कहा कि कॉलेज में अच्छी पढ़ाई करके अपना करियर बनाएं। कॉलेज हमें बनाता भी है और बिगड़ता भी है। पढ़ाई में ध्यान देकर आगे बढ़े। डॉ. मोहन हरदेल ने कहा कि जब हम लोगों ने इस कॉलेज की स्थापना की थी, उस समय क्षेत्र में कोई कॉलेज नहीं था। छत्तीसगढ़ का निर्माण भी नहीं हुआ था। बालिकाओं को कम संसाधन में उच्च शिक्षा प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू ने कॉलेज प्रबंधन पर जानकारी दी।

### आज से कुष्ठ पखवाड़ा का आयोजन

**धमतरी।** धमतरी को कुष्ठ मुक्त जिला बनाने के लिये महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान स्कूलों में बच्चों को कुष्ठ बीमारी की जानकारी एवं उनकी भ्रांतियों पर चर्चा, निबंध प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसके अलावा मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा ग्राम एवं शहर स्तर पर घर-घर सर्वे कर नये रोगी का पंजीयन और उपचार की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जायेगी। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर जिले के सभी विकासखण्डों में स्थित गांवों के लिये रवाना किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके मण्डल ने बताया कि 'आजादी के अमृत महोत्व पर भारत को कुष्ठ मुक्त की ओर' थीम पर जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और विभागीय अमले द्वारा कुष्ठ प्रभावितों के साथ मित्रवत व्यवहार, भेदभाव को दूर करना, कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को ग्रामसभा प्रमुख द्वारा सम्मानित मेहमान का दर्जा देकर सम्मानित करना व कुष्ठ उपचारित द्वारा प्रचार-प्रसार करने संबंधी गतिविधियां की जायेंगी।

## अंचल की खबरें

### बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर किया डांस



**धमतरी।** शहर के कोष्टापारा वार्ड स्थित नंदी चौक में सात दिवसीय देवांगन पुराण का आयोजन हुआ था। 26 जनवरी को महिला मंडल ने वार्डवासियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। रात 9 बजे बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। समाज के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर खूब डांस किया। जालमपुर वार्ड के भार्गव, हिमांशु ग्रुप ने देशभक्ति गानों पर प्रस्तुति दी। हिमांश देवांगन भारत माता की वेशभूषा में नजर आई। इसके अलावा भावेश देवांगन, दुर्गांक देवांगन, वरुण और दुष्यंत देवांगन ने मिलकर डांस किया।

### जीजामाता महिला मंडल ने मनाया हल्दी-कुमकुम महोत्सव



**धमतरी।** जीजामाता महिला मंडल मराठा समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर छत्रपति शिवाजी मंगल भवन में हल्दी कुमकुम महोत्सव महिला मंडल अध्यक्ष नीता रणसिंह के नेतृत्व में मनाया गया। इसमें समाज की मातृ शक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारती कुदरत, रेखा मगर, माया जाचक, पुष्पलता इंगोले, प्रतिभा जाधव एवं कविता बाबर प्रदेश अध्यक्ष मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ ने मां तुलजा भवानी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान कुर्सी दौड़, कैट वाक, हौजी खेल का आनंद लिया गया। महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी व कुमकुम लगाकर स्नेह एवं सम्मान का भाव प्रकट किया। कार्यक्रम में स्नेहा देशमुख, भावना घोरपड़े, रोशनी पवार, सोनिया रणसिंह, दिशा पवार, रानी सावंत, कविता पवार, प्रगति पवार, प्रीति भोंसले, सपना रणसिंह, बबली निम्बालकर का योगदान रहा।

### देश के विकास में कृषकों का महत्वपूर्ण योगदान



**धमतरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा झंडा फहराया गया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. ईश्वर सिंह ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है जिसकी उन्नति एवं प्रगति हेतु कृषकों का योगदान महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गई है ताकि कृषकों को कृषि संबंधित नवीन तकनीकों की जानकारी मिल सके। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने कहा कि आज हर नागरिक को भारत की गौरवगाथा पर गर्व का अनुभव होता है। आजादी के बाद भारतवासियों ने बेशुमार उपलब्धि हासिल की है। आज हमें देश को आजाद करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान बनाने वाले महापुरुषों को भी नमन करना चाहिये। हमारा देश डॉ. भीमराव अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेगा। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ इंजी. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. शक्ति वर्मा, रामकिशन सोनकर, शेषकुमारी साहू व अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार लगातार समाज हित में कार्य कर रहा



**धमतरी।** जागृति महिला मंडल धमतरी द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस लाइन (शिव मंदिर के पास) में आयोजित दो दिवसीय 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे शामिल हुए व पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि गायत्री परिवार विषम परिस्थितियों में भी हमारे जिले व पूरे देश में समाज के उत्थान व जागरूकता लाने का काम कर रहा है। गायत्री परिवार लगातार समाज हित में कार्य कर रहा है। इस दौरान समिति अध्यक्ष रीना मिश्रा, उपाध्यक्ष रोशनी साहू, कोषाध्यक्ष सरिता पैकरा, सचिव चंद्रिका साहू, शेखन लाल साहू, दिलीप नाग, सावित्री पटेल, गीता साहू, कावेरी पदमवार, अन्नपूर्णा पांडे, कुमारी पांडे, शकुन कश्यप, रोशनी साहू, शिवरात्रि सिन्हा, लता सिन्हा, पद्मनी साहू, नमिता देवांगन सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### महिला समाज भवन में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मना



**धमतरी।** महिला समाज धमतरी के सदस्यों, छात्रावास की छात्राओं एवं आमंत्रित नागरिकों ने अयोध्या में भगवान राम के विराजमान होने का उत्सव हर्षोल्लास के साथ महिला समाज भवन धमतरी में मनाया। छात्राओं ने भवन परिसर को आकर्षक रंगोली एवं दियों से सजाया। सभी ने मिलकर भगवान राम की स्तुति में भजन गाए, नृत्य किया और आरती की गई। पूरा वातावरण भक्तिमय और खुशनुमा हो गया। सबने एक दूसरे को बधाई दी। अंत में सभी को बूंदी के पैकेट की प्रसादी दी गई। इस अवसर पर श्रीमती नीला कापड़िया, श्रीमती राजुल शाह, श्रीमती हेमलता हिशीकर, श्रीमती भावना दोशी, डॉ. सरिता दोशी, श्रीमती नलिनी सोनी, श्रीमती ललिता अग्रवाल, श्रीमती ज्योति लूनिया, श्रीमती शकुंतला साहू, श्रीमती स्वाति बल्लाल, श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती प्रिया अठवानी, डॉ. पपेश नाहर, प्रवीण देवांगन, योगेश्वर देवांगन, नरेंद्र देवांगन एवं छात्राएं पूनम, माधवी, प्रिया, अंशिता, हेमलता, पायल, दिव्या, गुलफिशा, सादिया, डॉली, महेश्वरी एवं मालती बाई, सुनैना बाई, हेमंत सिन्हा ने मिलकर प्रभु राम के प्राणप्रतिष्ठा की खुशियां बांटी।

### आवास, किसान एवं सड़क के मुद्दों पर कलेक्टर से मिले भाजपाई



- जनसरोकार के मुद्दों पर प्रशासन संवेदनशील हो : शशि
- बाईपास मार्ग में अवरोध को शीघ्र दूर किया जाये : कविंद्र

**धमतरी।** जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार के नेतृत्व मे भाजपाइयों का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान श्री पवार सहित नेताओं ने आग्रह किया कि जिले के अधिकारी जनसरोकार के मुद्दों पर व्यवहारिक दृष्टिकोण रखे और संवेदनशील रवैया अपनायें। विशेष रूप से किसानों की समस्याओं को लेकर, प्रधानमंत्री आवास को लेकर एवं सड़कों को लेकर आ रही परेशानियों से जिलाधीश को अवगत कराया गया। भाजपाइयों ने बताया कि धमतरी को बस्तर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईपास का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उसमे भारी वाहनों के आवागमन मे जो भी अवरोध है, उसे सप्ताह भर के भीतर दूरकर बाईपास का पूर्ण उपयोग प्रारंभ हो। संबलपुर से श्यामतराई तक की शहर के अंदर की सड़क का उन्नयन का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ हो, धमतरी को नगरी से जोड़ने वाले अछोटा पुल की मरम्मत का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाये। मुलाकात करने वालों में पूर्व विधायक पिंकी शाह, कविंद्र जैन, प्रकाश बैस, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, श्रीमती आराधना शुक्ला, कमल डागा, नागेंद्र शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# आधी आबादी की लड़ाई अभी अधूरी : अलका







### राजीव भवन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को राजीव भवन में राष्ट्रीय स्तर का महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। मुख्य वक्ता महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेशभर से पहुंची पूर्व मंत्री, विधायक एवं कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया।

सम्मेलन का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी महतारी के जयकारे के साथ हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूछा कि हमारे लिए महतारी कौन है? जननी कौन है। वह आप हैं। इंदिरा गांधी पर 40 गोलियां दागी गईं, वे शहीद हो गईं। राजीव गांधी देश के सशक्त युवा प्रधानमंत्री थे। पंच-सरपंच के पद पर महिला की भागीदारी उनकी देन है। भारत का यह सपूत हमारे लिए लड़ते-लड़ते शहीद हो गया। हमारी लड़ाई अभी अधूरी है। अभी लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे हैं। उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4 हजार किलोमीटर की यात्रा की। कश्मीर में तिरंगा लहराया। पांच न्याय के लिए न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। इसमें युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय शामिल हैं। जशपुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ हुए गैंग रेप का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक हम हक की आवाज नहीं उठाएंगे तब तक उसे मौन सहमति माना जाएगा। उन्होंने साक्षी मलिक तथा बिलकिस बानो का जिक्र करते हुए अपराध के खिलाफ आवाज उठाने को कहा। महिला अकेली नहीं है, उनके साथ महिला कांग्रेस हैं। महिला कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अलका लांबा ने कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ हम नहीं पहुंच पा रहे हैं। आधी आबादी की लड़ाई गर्भ से शुरू हो जाती है। एक समय सती प्रथा का रिवाज था। पति के अवसान पर महिलाओं से जीने का हक छीन लिया जाता था। हम भाग्यशाली हैं जिन्हें कोख में मारा नहीं गया। पांच साल की उम्र में बच्चियां कुपोषण से मौत का शिकार हो रही हैं। बेटियों में कुपोषण की खिलाफ लड़ाई व शिक्षा में मदद देने का काम महिला कांग्रेस करेगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि भाजपा के बहकावे में यहां की महिलाएं नहीं आईं। इससे हमारा कांग्रेस का विधायक बना। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपाई भगवान राम की बात करेंगे। भगवान राम सिर्फ भाजपा के नहीं हैं, हम सबके हैं। महंगाई के बारे में वे बात नहीं करेंगे। महतारी वंदन योजना का अता-पता नहीं है। डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेंड़िया, धमतरी विधायक ओंकार साहू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, भानुप्रताप विधायक सावित्री मंडावी, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव आदि ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। मंच पर पूर्व विधायक हर्षद मेहता, अनीता शर्मा, सुनीता शेरावत, राशि महिलांगे, राजकुमारी दीवान, शशि गौर, लक्ष्मीकांता साहू, कविता बाबर, तारिणी चंद्राकर, मदनमोहन खंडेलवाल, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव विद्यादेवी साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सूर्यप्रभा चेट्टियार, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घामेश्वरी साहू सहित ब्लाक अध्यक्ष मौजूद रहीं। महिला कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राजीव भवन का सभाहाल महिलाओं से खचाखच भरा रहा। इस दौरान पार्षद नीलू पवार, ममता शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, आनंद पवार, नवीन शर्मा, होरीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सूर्यप्रभा चेट्टियार एवं दुर्गेशनंदनी ने किया।

## लेडीज क्लब ने मनाया वार्षिक उत्सव, शबीना बनी लेडी आफ द ईयर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लेडीज क्लब ने अपना 39 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी और द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि श्रीमती रागिनी मिश्रा जिला पुलिस उपअधीक्षक थी। निष्ठा ने स्वागत नृत्य , अध्यक्ष शिरीन हाशमी ने स्वागत भाषण दिया। सचिव प्रतिवेदन क्लब की सचिव रचना नायडू ने प्रस्तुत किया। मौके पर शहीद चोवाराम सेन के परिजनों का क्लब द्वारा सम्मान किया गया। ज्योति गुप्ता व भारती राव ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। सुश्री यशोदा सोनकर को हौसले की उड़ान सम्मान दिया गया। संचालिका उषा गुप्ता ने लेडीज क्लब की बहुआयामी सेवाओं एवं स्थापना के उद्देश्य को बताया। लेडी ऑफ़ द ईयर का खिताब शबीना रिजवी पूर्व अध्यक्ष को दिया। शबीना रिजवी ने अपने कार्यकाल की बहुआयामी सेवाओं को याद किया। क्लब अध्यक्ष ने समस्त पूर्व अध्यक्षों , सदस्यों एवं विशेष सहयोग के लिए उषा गुप्ता, कामिनी कौशिक, रचना नायडू और तनुजा सेन को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रागिनी मिश्रा ने महिला संबंधी विधिक जानकारी दी। यशोदा सोनकर ने क्लब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता की बताई। इस दौरान आकर्षक गेम हुए। लकी गेम को कौड़ी से खिलाया गया। प्रतियोगिता में ज्योति गुप्ता प्रथम, पूनम सिंह द्वितीय ,चावल से सिक्का निकालो में ज्योति गुप्ता प्रथम व उमा पिंजानी द्वितीय रही । हाऊजी में शबीना रिजवी, शुभ्रा गौर और रेणु खनूजा प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक व डॉक्टर भारती राव तथा आभार प्रदर्शन तनुजा सेन ने किया।

## सांसद प्रतिनिधि को सौंपा मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आंगनबाड़ी यूनियन सीटू और छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू ने सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू को मांग पत्र सौंपा। मौके पर आंगनबाड़ी यूनियन सीटू की प्रदेश उपाध्यक्ष सरला शर्मा, छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन सीटू धमतरी की महासचिव ललिता साहू, समीर कुरैशी संरक्षक, सीटू जिला समिति के जिला अध्यक्ष मणिराम देवांगन, नंदू साहू उपस्थित थे।

## भिलाई को 232 रनों का लक्ष्य, राजनांदगांव के रोहन का आलराउंडर प्रदर्शन

- पीजी कॉलेज मैदान में 4 दिवसीय क्रिकेट मैच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पीजी कॉलेज मैदान में 4 दिवसीय क्रिकेट मैच के दूसरे दिन राजनांदगांव के कप्तान रोहन टांक ने आलराउंड प्रदर्शन कर टीम को 232 रनों की बढ़त बनाने में अपना योगदान दिया। पहली पारी में मात्र 4 रनों की बढ़त के बाद राजनांदगांव की पूरी टीम दूसरी पारी में 47.2 ओवर्स में 228 रन बनाकर भिलाई की टीम को 232 रन बनाने का लक्ष्य दिया। राजनांदगांव के गौरव मिश्रा ने 24 रन, निखिल कनोरिया ने 56 रन, कप्तान रोहन टांक ने 54 रन तथा वैदिक मधुकर ने 56 रन बनाये।

भिलाई की टीम ने दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 50 ओवर्स में 5 खोकर 169 रन बनाये । भिलाई के वीनल बंछोर ने 29 रन, नीनांद पठानिया ने 58 रन, आनंद राव ने 22 रन बनाये। वी. वैभव 14 तथा मनीष कुमार राय 4 रनों पर खेल रहे हैं । राजनांदगांव के रोहन टांक ने 20 ओवर्स में 59 रन देकर 3 विकेट तथा नमन अग्रवाल ने 18 ओवर्स में 55 रन देकर 2 विकेट लिये। राजनांदगांव के कप्तान रोहन टांक इस मैच में 9 विकेट लेकर 54 रनों के साथ अर्धशतक बना चुके हैं। मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है।

## जीएडी कॉलोनीवासियों को जर्जर रोड से मिलेगी मुक्ति

- जनपद सदस्य जागेंद्र साहू की पहल पर पेचवर्क कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





जनपद सदस्य जागेंद्र साहू ने ग्राम रुद्री के जीएडी कॉलोनी के डामर रोड की जर्जर हालत को देखते हुए पेचवर्क करवाने की मांग की थी। जनपद सदस्य ने पीडब्ल्यू विभाग के एसडीओ मनीष साहू को सड़क पर जगह-जगह हुए गड्ढों से होने वाली परेशानी से अवगत कराया। एसडीओ ने अपने उच्च अधिकारी से बात कर जल्द कार्य करवाने की बात कही थी। विभाग के कार्यपालन अभियंता संतोष कुमार नेताम ने मामले की गंभीरता को समझते हुए रुद्री जीएडी कॉलोनी में पेचवर्क कार्य प्रारंभ करवाया। कालोनीवासियों ने इस सार्थक पहल के लिए जनपद सदस्य जागेंद्र साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नर्सिंग कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार लाल ने सभी विद्यार्थियों को निर्भीक, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

## समाज के अंतिम व्यक्ति को सामने लाना ही असल गणतंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में गणतंत्र दिवस का पर्व कुछ हटकर मनाया गया। प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने निर्णय लिया था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा इस उत्सव में शामिल किया जाए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा सहित सभी शिक्षकों की मान्यता यही रही कि सिंगपुर में अति पिछड़ी जन जाति कमार निवास करती है। क्यों न ध्वजोत्तोलन का कार्यक्रम कमार जनजाति के किसी व्यक्ति से सम्पन्न कराया जाए। समाज की सक्रिय महिला खम्मन बाई का नाम सामने आने पर उन्हें ध्वजोत्तोलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर भारतीय गणतंत्र को सशक्त किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती खम्मन बाई शिक्षा के प्रति बहुत जागरूक हैं तथा कमार बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिये कमार पालकों को सदैव प्रेरित करती रहती है। उसकी जागरूकता का ही परिणाम है कि आज उसकी बहू शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने कहा कि शोषित, दलित, वंचित, पीड़ित व्यक्ति शासन की प्रत्येक योजना में यदि भागीदार बनता है तभी गणतंत्र सही मायने में सफल होता है। इस गणतंत्र को सफल बनाने में शिक्षा की बड़ी भूमिका है। मौके पर हेमा ध्रुव, उमेश्वरी यादव, बबली साहू, मीना मरकाम, सफीना बानो, रामेश्वरी बाई, भुनेश्वरी ध्रुव, डीपी बागड़े, जीवन साहू, राधेलाल साहू, सरपंच फणीन्द्र गंगासागर, ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर, डॉ नोहर साहू सहित संस्था के समस्त स्टाफ शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कल्याण कौशल, आरके साहू, राधेश्याम साहू तथा वेदराम सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता गोविन्द राम नेताम ने किया।

## आवेदन 31 जनवरी तक मंगाए गए

**धमतरी।** राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के संतुलित विकास हेतु उपयुक्त प्रासंगिक एवं विकासोन्मुखी विषयों पर राज्य शासन के विभागों के लिये व्यावहारिक रूप से उपयोगी अध्ययन प्रस्तावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक, छात्र, अनुसंधानकर्ताओं अथवा निजी अनुसंधानकर्ताओं और राज्य में जमीनी नवाचारों, जिनकी पहचान एवं उपयोगिता समाज हित में है तथा उद्यमिता विकास द्वारा वाणिज्यिक पैमाने पर बढ़ाने की संभावना हो, को प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश में नवाचार का ईकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से भी 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति, संस्थायें इस संबंध में राज्य आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## चरमुड़िया में शाकंभरी जयंती मनाई गई

**डांडेसरा।** ग्राम रेलवे स्टेशन कुरुद (चरमुड़िया) में मरार समाज द्वारा मां शाकंभरी देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिर से शिव मंदिर तक कलश शोभायात्रा निकाली गई। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। मौके पर गैंदू, हेमलाल, भूपेंद्र, संजू, चुम्मे, रूपेंद्र, डगेश्वर, योगेश, दिनेश, छबि उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
धमतरी. मो.नं. : 9993010732
1. वात रोग व लकवा - हाथ पैर में दर्द होना, कमर दर्द, साइटिका, नस रोग व लकवा रोग में तुरंत आराम।
2. चर्मरोग - दाद, खाज, खुजली, बेमची, सूजन, पिम्पल्स, झाई, हाथ पैर का फटना, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर में तुरंत आराम
3. स्त्री रोग - सफेद व लाल धात जाना, मासिक गड़बड़ी, बच्चादानी में गांठ होना, बाल झड़ना, बांझपन, समस्त स्त्री रोग का इलाज
4. पुरुषों के रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, शारीरिक दुर्बलता, इंद्रिय शिथिलता, नपुंसकता का इलाज
5. पेट रोग - दस्त साफ न होना, गैस बनना, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना, समस्त पेट रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।

राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com